प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम पहुंची स्वदेश, दिल्ली में प्रधानमंत्री से की मुलाकात, आज शाम मुंबई में होगी विक्ट्री पैरेड, टीम इंडिया को सौंपा जायेगा 125 करोड़ रुपये का चेक।

2- झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन सात जुलाई को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, कुछ नये चेहरे भी कैबिनेट में हो सकते हैं शामिल।

3- नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, झारखंड के धनबाद से एक और साजिशकर्ता गिरफ्तार।

4- झारखंड के 19 समेत देशभर के 112 आकांक्षी जिलों के लिए नीति आयोग ने शुरु किया तीन महीने का संपूर्णता अभियान, छह प्रमुख संकेतकों पर होगा तेजी से काम।

********************

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम का आज दिल्ली पहुंचने पर शानदार स्वागत हुआ। क्रिकेट टीम के स्वागत के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बडी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ जुटी और उन्होंने करतल ध्वनि के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया। मुंबई रवाना होने से पहले भारतीय दल ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को उनकी अदभूत सफलता पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के साथ भोजन भी किया। थोड़ी देर के बाद सभी खिलाड़ी और स्पोर्ट्स स्टाफ मुंबई के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां सभी खिलाड़ी और स्पोर्ट्स स्टाफ रोड शो करेंगे। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम में एक सम्मान समारोह होगा जहां भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, विजेता टीम को 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान करेगा।

********************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन सात जुलाई को झारखंड के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। उनके साथ कई मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। कल इंडिया गठबंधन के विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्वीकार करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था होने तक उन्हें पद पर बने रहने को कहा है।

********************

इस बीच नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने इंडिया विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन को फिर से नेता चुने जाने की आलोचना की है। श्री बाउरी ने अपने बयान में कहा है कि हेमंत सोरेन ने वयोवृद्ध नेता चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाकर उनका अपमान किया है।

********************

नेता प्रतिपक्ष के बयान पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पलटवार किया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इंडिया गठबंधन के इस निर्णय से भाजपा को करारा झटका लगा है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानन्द की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएं लाखों लोगों को शक्ति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का विस्तृगत ज्ञान और इसकी निरंतर खोज बहुत प्रेरक है। प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द के समृद्ध और प्रगतिशील समाज का सपना पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

********************

इधर, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी स्वामी विवेकानंद के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों और सिद्धांतों से सभी को प्रेरणा लेने की जरुरत है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड के धनबाद जिले से एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिले के बापू नगर से गिरफ्तार अमन सिंह की प्रश्न पत्र लीक मामले में महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। अमन सिंह का संबंध हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के आरोपित प्राचार्य और उप प्राचार्य से बताया जाता है। सीबीआई की टीम अमन को पूछताछ के लिए पटना ले गयी है। पेपर लीक मामले में सीबीआइ ने यह सातवीं गिरफ्तारी की है।

********************

प्रवर्तन निदेशालय, इडी ने आज धनबाद के कोयला व्यवसायी प्रमोद सिंह के यहां दबिश दी है। प्रमोद सिंह के मुंशी भूली डी ब्लॉक निवासी अंजीव सिंह और एक अन्य रिश्तेदार के यहां ईडी की टीम जांच कर रही है। मामला कोयले के अवैध कारोबार और स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत रहने के दौरान करोड़ों की गड़बड़ी से जुड़ा हुआ है। प्रमोद सिंह के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान नगद राशि भी मिलने की सूचना है। प्रमोद सिंह के खिलाफ पिछले साल जून माह में जिला खनन विभाग ने अवैध खनन और परिवहन के मामले को लेकर बरवाअड्डा थाने में भी प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

********************

नीति आयोग आज से तीन महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू कर रहा है। तीस सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान में झारखंड समेत देशभर में छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखण्डों में अनवरत प्रयास किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के एक सौ बारह जिलों और पांच सौ प्रखण्डों में छह चिन्हित संकेतकों के आधार पर परिपूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य है। झारखंड में बोकारो, चतरा, दुमका, गढ़वा और पलामू समेत 19 जिले आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। सम्पूर्णता अभियान जिन प्रमुख संकेतकों पर ध्यान देगा उनमें शामिल हैं– ऐसी गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, जिन्हें देखभाल के लिए पंजीकृत किया गया है, मधुमेह से पीडित लोगों का प्रतिशत, हाइपरटेंशन से पीडित व्यक्तियों का प्रतिशत, ऐसी गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत जिन्हें अतिरिक्त पोषण प्रदान किया जा रहा है, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाने का प्रतिशत और ऐसे स्वंय सहायता समूहों का प्रतिशत जिन्हें प्रखण्ड स्तर पर राशि दी गई है।

********************

इधर झारखंड के गुमला जिले में भी आज से संपूर्णता अभियान की शुरूआत हो रही है।

********************

गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के बिलासपुर में प्रेमी जोड़े की बेरहमी से पिटाई किए जाने के मामले में चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के बिलासपुर में एक प्रेमी जोड़े को बिलासपुर के ग्रामीणों के द्वारा रस्सा से बांध कर पिटाई की थी और घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल किया गया था। चारों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

********************

मौसम विभाग ने कल तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के उतरी भाग समेत पश्चिम बंगाल से सटे इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि पांच जुलाई तक राज्य में सभी जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसके बाद मानसून की सक्रियता में कमी आ सकती है।

********************

झारखंड स्वीमिंग एसोसिएशन के द्वारा 14वीं झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन रांची में किया जाएगा। रांची जिला तैराकी संघ की देख रेख में 26–27 जुलाई को इसका आयोजन खेलगांव स्थित वीर बुधू भगत एक्वेटिक स्टेडियम में होना है। रांची जिला तैराकी संघ के महासचिव उपेंद्र कुमार तिवारी के मुताबिक इस चैंपियनशिप के लिए रांची जिला की टीम तैयार की जाएगी। सात जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से खेलगांव के एक्वेटिक स्टेडियम में इसका ट्रायल होगा।

******समाप्त*************